भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 479
जिसका उत्तर 06 फरवरी, 2025 को दिया जाना है।

.....

तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में राष्ट्रीय लिफ्ट सिंचाई परियोजना की स्थिति

479. श्री बलराम नाइक पोरिका:

क्या जल शक्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में राष्ट्रीय लिफ्ट सिंचाई परियोजना की स्थिति का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार की पलामुरु-रंगारेड्डी लिफ्ट सिंचाई परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या तेलंगाना की ओर से उक्त परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देने की कोई मांग की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री श्री राज भूषण चौधरी

(क): वर्तमान में, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में कोई राष्ट्रीय लिफ्ट सिंचाई परियोजना नहीं है।

(ख) और (ग): तेलंगाना सरकार ने पलामुरू रंगारेड्डी लिफ्ट सिंचाई योजना को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देने की मांग की है। तथापि, केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) द्वारा परियोजना का तकनीकी-आर्थिक मूल्यांकन, के बाद जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग की सिंचाई, बाढ़ नियंत्रण और बहुउद्देश्यीय परियोजनाओं पर सलाहकार समिति द्वारा परियोजना की स्वीकृति, इस मंत्रालय की चल रही योजनाओं के अंतर्गत शामिल करने हेतु किसी भी परियोजना पर आगे विचार करने के लिए एक आवश्यक शर्त है। पलामारू रंगारेड्डी लिफ्ट सिंचाई योजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट सितंबर, 2022 में सीडब्ल्यूसी को तकनीकी-आर्थिक मूल्यांकन के लिए तेलंगाना सरकार द्वारा प्रस्तुत की गई है। चूंकि पलामारू रंगारेड्डी लिफ्ट सिंचाई योजना में कृष्णा नदी के पानी का उपयोग शामिल है और परियोजना के अंतर-राज्य पहलुओं को कृष्णा जल विवाद अधिकरण-।। के संदर्भ की शर्तों में शामिल किया गया है, ये मामला अभी विचाराधीन है और इस समय पलामारू रंगारेड्डी लिफ्ट सिंचाई योजना का तकनीकी-आर्थिक मूल्यांकन नहीं किया जा सकता।

*****